AMAR UJALA MY CITY PAGE 3, 5 & 6

# पीएचडी प्रवेश परीक्षा कल

## लविवि : 492 सीट के लिए पांच हजार से अधिक देंगे परीक्षा

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। चार महीने से ज्यादा इंतजार के बाद आखिरकार लखनऊ विश्वविद्यालय में पीएचडी प्रवेश परीक्षा का आयोजन मंगलवार को होने जा रहा है। परीक्षा का शुभारंभ 16 मार्च को हुआ था, लेकिन कोरोना की वजह से इसे स्थगित कर दिया गया था। सरकार से मंजूरी मिलने के बाद लविवि ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। लविवि में इस साल पीएचडी की 492 सीट पर दाखिले के लिए 5,260 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। वाणिज्य और कला संकायों के लिए प्रवेश परीक्षा 16 और 17 मार्च को हो चुकी है। विज्ञान, विधि, शिक्षा और ललित कला संकायों की प्रवेश परीक्षा का आयोजन एक सितंबर को होगा। प्रवेश परीक्षा 70 अंक की होगी। इसके बाद 30 नंबर साक्षात्कार के आधार पर दिए जाएंगे। एक सितंबर को होने वाली परीक्षा में करीब 1800 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। परीक्षा दो पाली में होगी। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 11.30 बजे तथा दूसरी पाली दोपहर 2.30 बजे से 4 बजे के बीच होगी। परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों को एक घंटा पहले पहुंचना होगा। परीक्षा में 70 सवाल होंगे। 35 सवाल शोध प्रविधि तथा 35 विषय पर आधारित होंगे। प्रवेश परीक्षा में 50 फीसदी या इससे ज्यादा नंबर लाने वाले अभ्यर्थियों को ही साक्षात्कार प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा।



### डिप्लोमा में दाखिले के लिए अंतिम मौका आज

लखनऊ विश्वविद्यालय में 26 डिप्लोमा पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए आवेदन करने की अंतिम तारीख सोमवार को समाप्त हो रही है। हालांकि अंतिम तारीख एक बार फिर से बढ़ने की उम्मीद है। लविवि ने इस साल गर्भ संस्कार और योग पर आधारित पाठ्यक्रम भी शुरू किए जा रहे हैं। इनके लिए न्यूनतम फीस 18 हजार रुपये तय किया गया है।

### लविवि में ट्विटर पर आएंगे सभी पदाधिकारी

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति ने सभी स्टेकहोल्डर्स को अपने-अपने ट्विटर अकाउंट बनाने का निर्देश दिया है। लविवि का अपना ट्विटर अकाउंट है, लेकिन अब अलग-अलग पदाधिकारी भी अपना अकाउंट बनाएंगे। लविवि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने इसका निर्देश दिया है।

### वार्षिक परीक्षा के लिए कल से खुलेंगे हॉस्टल

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रावास मंगलवार से विद्यार्थियों के लिए खुल जाएंगे। विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षा 7 सितंबर से होनी है। इसके लिए एक सितंबर से हॉस्टल खोलने की बात कही गई थी। इसको देखते हुए लविवि ने छात्रावास खोलने की तैयारी शुरू कर दी है। लविवि प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि इस साल केवल अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों की परीक्षा ही होनी है। विवि में काफी संख्या में विद्यार्थी अन्य शहर के हैं। परीक्षा के दौरान ये सब लखनऊ आएंगे। इसके लिए लविवि ने अपने हॉस्टल खोलने का फैसला किया है। जिन विद्यार्थियों को छात्रावास आवंटित है वे छात्रावास में रह सकते हैं। हॉस्टल के साथ मेस का संचालन किया जाएगा। सोमवार से यहां पर सैनिटाइजेशन और साफ-सफाई की जाएगी। विद्यार्थियों को इसकी सूचना पहले से देनी है, ताकि उनके लिए मेस की व्यवस्था की जा सके।

### न्याय प्रक्रिया पर पड़ता है मीडिया ट्रायल का प्रभाव

लखनऊ। वर्तमान समय में सुशांत सिंह राजपूत के मामले में मीडिया ने अहम भूमिका निभाई है। बहुत से छुपे हुए साक्ष्य उजागर किए हैं, लेकिन मीडिया द्वारा ट्रायल सही नहीं है। मीडिया ट्रायल का प्रभाव न्याय प्रक्रिया पर भी पड़ रहा है। यह बात इलाहाबाद उच्च न्यायालय, अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल ने लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय द्वारा प्रथम डॉ. आरयू सिंह मेमोरियल निर्णय लेखन (जजमेंट राईटिंग) प्रतियोगिता के सम्मान समारोह में कही। ऑनलाइन आयोजन में विधि संकाय के डीन प्रो. सीपी सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने बताया कि उच्चतम न्यायालय ने हाल ही में अपने पुराने चल रहे प्रमुख निर्णयों को रद्द किया है जैसे कि राइट टू प्राइवेसी। उन्होंने मुफ्त कानूनी सहायता संविधान के महत्वपूर्ण आदर्शों पर भी जोर डाला। समारोह के विशिष्ट अतिथि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के अधिवक्ता कार्तिकेय सरन ने विद्यार्थी जीवन में ऐसी प्रतियोगिताओं के महत्व पर प्रकाश डाला तथा बताया की विधि के विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता के नियमों का उल्लंघन न करते हुए अपनी प्रतिभा तथा सोच को बखूबी दर्शाया है। प्रतियोगिता में देश की 55 यूनिवर्सिटी की 72 टीमों ने भाग लिया। आयोजन में विधि संकाय विवि के प्रो. मोहम्मद अहमद एवं डॉ. मृणालिनी सिंह भी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के आयोजन में विधि संकाय के छात्र अध्यक्ष सक्षम अग्रवाल, उर्मिका पांडेय तथा शिशिर यादव ने प्रमुख भूमिका निभाई।

### डॉ. अमरजीत बने अध्यक्ष



लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के योग शिक्षक डॉ. अमरजीत यादव को योग विषय की राष्ट्रीय स्तर की संस्था इंडियन योग एसोसिएशन के यूपी स्टेट चैप्टर का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री के निर्देश पर आयुष विभाग उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित आयुष कवच ऐप तथा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ. यादव को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया गया है।

### पहचान के संकट



किशोरावस्था में मानसिक बदलाव भी आते हैं। यह पहचान के संकट की अवस्था होती है। इसके अलावा कभी-कभी बच्चा बंधन बर्दाश्त नहीं कर पाता, नतीजतन उसका व्यवहार आक्रामक हो जाता है। हमें बच्चों में संवेगात्मक समझ विकसित करनी होगी। -डॉ. मानिनी श्रीवास्तव, असिस्टेंट प्रोफेसर, मनोविज्ञान विभाग, लविवि

HINDUSTAN PAGE 8

# डिप्लोमा में प्रवेश के लिए आवेदन का अंतिम मौका

**लखनऊ विवि**



लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय के परास्नातक डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर सोमवार को मिलेगा।

इस दौरान डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकते हैं। फिलहाल अभी विश्वविद्यालय की ओर से आवेदन की तिथि में विस्तार के संबंध में कोई जानकारी जारी नहीं है।

विश्वविद्यालय के करीब 25 से ज्यादा पीजी डिप्लोमा एडवांस डिप्लोमा समेत सर्टिफिकेट कोर्स में प्रवेश के लिए यह आवेदन लिए जा रहे हैं।

उधर स्नातक में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को दस्तावेज अपलोड करने का अंतिम मौका भी सोमवार को मिलेगा। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि अभ्यर्थी द्वारा अपलोड किए जा रहे दस्तावेजों की प्रारंभिक जांच हो रही है। ऐसे में दो से तीन दिन में मेरिट सूची जारी करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है।

I-NEXT PAGE 3

# पीएचडी एंट्रेंस एग्जाम मंगलवार को

LUCKNOW (30 Aug inext): मंगलवार को लखनऊ यूनिवर्सिटी के मेन कैंपस में पीएचडी एंट्रेंस एग्जाम दो शिफ्ट में कराया जाएगा. इस एग्जाम में करीब 1800 स्टूडेंट शामिल होंगे. एग्जाम के लिए गाइडलाइन जारी कर दी गई है.

**शिफ्ट पर एक नजर**

| शिफ्ट | टाइम | स्टूडेंट |
|---|---|---|
| फर्स्ट | सुबह 10 से 11:30 | 850 |
| सेकंड | दोपहर 2:30 से 4 | 950 |

### आज कैंपस का सेनेटाइजेशन

प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि सोमवार को एलयू कैंपस और एग्जाम रूम सेनेटाइज कराए जाएंगे. हॉस्टल का भी सेनेटाइजेशन कराया जाएगा. वहां फुल सेनेटाइजेशन मशीन और कुछ मास्क की व्यवस्था की जाएगी.

**दो शिफ्ट में कराया जाएगा एंट्रेंस एग्जाम**

PIONEER PAGE 4

# डॉ. अमरजीत यूपी स्टेट चैप्टर के अध्यक्ष नियुक्त

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



लखनऊ विश्वविद्यालय के योग शिक्षक डॉ अमरजीत यादव को योग विषय की राष्ट्रीय स्तर की संस्था इंडियन योग एसोसिएशन के यूपी स्टेट चैप्टर का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। डॉ यादव को आयुष विभाग उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित आयुष कवच ऐप तथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में उत्कृष्ट योगदान हेतु यह प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है।